Jansatta, Delhi
Friday, 15th November 2019; Page: 13
Width: 11.35 cms; Height: 38.10 cms; a3; ID: 30.2019-11-15.72

मानवाधिकार आयोग ने पुरस्कार दिए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 नवंबर।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गुरुवार को महात्मा गांधी द्विवार्षिक हिंदी लेखन प्रतियोगिता के विजेता लेखकों को पुरस्कार दिए। डाक्टर संतोष कुमार सिंह की पुस्तक मानव अधिकार एवं महिलाएं को 75 हजार रुपए का पहला पुरस्कार दिया गया जबकि 50 हजार रुपए का दूसरा पुरस्कार धनंजय चोपड़ा की पुस्तक मानवाधिकार, मीडिया और जनसरोकार को मिला है। संजुला थानवी को उनकी किताब महिला अधिकारों एवं नेतृत्व से ग्राम संचेतना के लिए 40 हजार रुपए का तीसरा पुरस्कार दिया गया है।

आयोग के प्रवक्ता जैमिनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुरस्कार योजना आयोग द्वारा 1998 में शुरू की गई थी।